
# पुलिस लाइन में उत्साह से मनाया जायेगा गणतन्त्र दिवस

- **दिखेगा उत्सव जैसा माहौल, एसपी स्वयं कर रहे मानीटरिंग**

**डेली न्यूज़ नेटवर्क**



रिहल्सल के दौरान परेड का निरीक्षण करते एसपी

**श्रावस्ती।** गणतन्त्र दिवस पर 26 जनवरी को जनपद मुख्यालय भिनगा के पुलिस लाइन परिसर में गणतन्त्र दिवस पर उत्सव जैसा माहोल दिखेगां। स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में हर तरफ जहां देश भक्ति की गूंज रहेगी व तीन कलर के फव्वारे से तिरंगा व परेड तथा शस्त्र से फायर लोगों में देश भक्ति का जज्बा भरता नजर आयेगां। विगत करीब एक पखवारे से चल रही तैयारी अब पूरी हो गयी हैं। श्रावस्ती के युवा पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी स्वयं कार्यक्रम की रूपरेखा तयकर तैयारियों की मानीटरिंग करते देखे जा रहे है। एसपी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र गौतम व क्षेत्राधिकारी गण एवं प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार के पर्यवेक्षण में रिहल्सल व तैयारियां पूरी कर ली गयी है। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने परेड में सम्मिलित सभी अधिकारी व कर्मचारियों के रिहल्सल का बारीकी से निरीक्षण किया और पूरे जोश के साथ उत्साहित भी कियां, इस परेड के प्रथम कमाण्डर सीओ पुलिस लाइन आलोक कुमार सिंह, द्वितीय कमाण्डर प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार, तथा तृतीय कमाण्डर उप निरीक्षक विनोद कुमार राणा बनाये गये है साथ ही परेड के लिये टोलिया बनायी गयी है। टोली नम्बर एक के कमाण्डर उप निरीक्षक अनुराग सिंह,टोली नम्बर दो के कमाण्डर उप निरीक्षक आदर्श कुमार मौर्य, इसी क्रम में क्रमशः टोली न0 तीन,चार,पांच व 06 तथा सात व आठ के कमाण्डर अजय यादव, विवेक पाण्डेय, अरूण कुमार सिंह, सूरज यादव व महिला उप निरीक्षक अर्चना तथा एसएसबी के कमाण्डर उप निरीक्षक सिरतो सिन्थोई कोम बनाये गये है। वर्ष 2025 में सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी व कर्मचारी को एसपी सम्मानित करेंगे।